# फिलीपींस में भीषण भूकंप से आठ की मौत

**मनीला, 08 जून. फिलीपींस में सोमवार तड़के 7.8 तीव्रता के शक्तिशाली भूकंप के झटके महसूस किये गये, जिससे हुए हादसों में अब तक आठ लोगों की मौत हो गयी है और 200 से ज्यादा लोग घायल हो गये हैं.**

देश के एक दक्षिणी शहर में कई इमारतें और एक मुख्य संपर्क पुल क्षतिग्रस्त हो गया, जबकि इसके बाद उठी तीन फुट ऊंची सुनामी ने नजदीकी तटीय क्षेत्रों में दहशत फैला दी।अधिकारियों ने बताया कि इस आपदा में कम से कम आठ लोगों की मौत हो गयी है और 200 से अधिक लोग घायल हुए हैं. फिलीपींस के अलावा, इंडोनेशिया और मलेशिया के समुद्र में भी हलचल देखी गयी, हालांकि यहां छोटी लहरें दर्ज की गयीं. इस भूकंप ने दक्षिणी



> भूकंप के झटके आने के करीब पांच घंटे बाद प्रशांत सुनामी चेतावनी केंद्र ने कहा कि सुनामी का खतरा अब काफी हद तक टल गया है. फिलीपीन ज्वालामुखी और भूकंप विज्ञान संस्थान के अनुसार, सुल्तान कुदरत और सारंगनी के फिलीपीन प्रांतों में जमीन पर बने सुनामी निगरानी केंद्रों ने तीन फुट ऊंची लहरें दर्ज कीं. चेतावनी केंद्र ने हालांकि खतरे को काफी हद तक टला हुआ बताया है, लेकिन लोगों से सतर्क रहने और स्थानीय अधिकारियों की चेतावनियों पर ध्यान देने का आग्रह किया है, क्योंकि अगले कुछ घंटों तक समुद्र के जलस्तर में उतार-चढ़ाव जारी रह सकता है.

फिलीपींस में इमारतों और अवसरंचना को काफी नुकसान पहुंचाया है, हालांकि सुनामी से हुए नुकसान की स्थिति अभी पूरी तरह स्पष्ट नहीं हो सकी है. श्री टेरेसिटो बैकोलकोल ने कहा कि यह एक बड़ा भूकंप है और बड़े नुकसान की आशंका है. वीडियो के आधार पर हमने कुछ क्षतिग्रस्त इमारतों को पहले ही देखा है. भूकंप के तुरंत बाद फिलीपींस के राष्ट्रपति फर्डिनेंड मार्कोस जूनियर ने कहा कि आपदा राहत बल और एजेंसियां राहत कार्य के लिए पूरी तरह तैयार हैं. मार्कोस ने कहा कि राष्ट्रीय सरकार पूरी मुस्तैदी से काम कर रही है और हम लोगों को इस संकट में नहीं छोड़ नहीं देंगे. फिलीपींस समय के अनुसार, सोमवार सुबह सात बजकर 37 मिनट पर आये.

## मालवीय नगर अग्निकांड का आरोपी गिरफ्तार

**नई दिल्ली.** राष्ट्रीय राजधानी के मालवीय नगर होटल अग्निकांड मामले में आरोपी होटल अकाउंटेंट जय मिश्रा को सोमवार को साकेत की अदालत के समक्ष आत्मसमर्पण करने के बाद गिरफ्तार कर लिया गया. अदालत ने इसके बाद आगे की पूछताछ के लिए अकाउंटेंट को दो दिनों की पुलिस हिरासत में भेज दिया है. दिल्ली पुलिस के सूत्रों ने दावा किया है कि श्री मिश्रा ने होटल के प्रशासनिक और लाइसेंसिंग से जुड़े मामलों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी. श्री मिश्रा इस घटना के बाद से ही फरार चल रहे थे. एक सूत्र ने बताया, नियामक मंजूरियों, लाइसेंस, अनापत्ति प्रमाण पत्र और अनुपालन दस्तावेजों सहित कई परिचालन कार्य अकाउंटेंट जय मिश्रा और मैनेजर राकेश के माध्यम से संभाले जा रहे थे.

# कल से सुरक्षित मातृत्व के देशव्यापी कार्यक्रम

**नई दिल्ली, 08 जून. केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के सफल क्रियान्वयन के 10 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में 09 जून से देशभर में विशेष कार्यक्रमों की शुरुआत करेगा.**

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे. इस अवसर पर देशभर के राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में जागरूकता एवं जनसंपर्क गतिविधियां आयोजित की जायेगी, जिनका उद्देश्य प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत उपलब्ध नौ सुनिश्चित नि:शुल्क सेवाओं का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित करना है. दस वर्षों की इस उपलब्धि को चिह्नित करने के लिए श्री नड्डा एक विशेष 75 रुपये का स्मारक सिक्का और 05 रुपये का



डाक टिकट भी जारी करेंगे. यह सम्मान मातृ स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाने और सुरक्षित मातृत्व को बढ़ावा देने में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के योगदान को समर्पित होगा. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नौ जून 2016 को इस महत्वाकांक्षी योजना की शुरुआत की थी. प्रत्येक माह की 9 तारीख को गर्भवती महिलाओं को नि:शुल्क, व्यापक और गुणवत्तापूर्ण प्रसव पूर्व स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाती हैं.

### मोदी ने दी आर्मेनिया के चुनाव में जीत पर निकोल पशिनयान को बधाई दी

**नई दिल्ली.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आर्मेनिया में संसदीय चुनावों में सिविल कॉन्ट्रैक्ट पार्टी की शानदार जीत पर निकोल पशिनयान को बधाई दी है. प्रधानमंत्री ने कहा है कि नया जनादेश आर्मेनिया के लोगों के उनके नेतृत्व और विज़न पर पक्के भरोसे तथा विश्वास को दिखाता है. उन्होंने कहा कि वह भारत और आर्मेनिया के बीच दोस्ती तथा सहयोग के गहरे और ऐतिहासिक संबंधों को अधिक गहरा करने के लिए उनके साथ मिलकर काम करने के लिए उत्सुक हैं. श्री मोदी ने कहा कि संसदीय चुनावों में सिविल कॉन्ट्रैक्ट पार्टी की शानदार जीत पर निकोल पशिनयान को बधाई. नया जनादेश आर्मेनिया के लोगों के आपके नेतृत्व और विज़न पर पक्के भरोसे और विश्वास को दिखाता है. मैं भारत और आर्मेनिया के बीच दोस्ती और सहयोग के गहरे और ऐतिहासिक संबंधों को और गहरा करने के लिए आपके साथ मिलकर काम करने के लिए उत्सुक हूं.

# योगी ने बीटेक की छात्रा पढ़ाने का दिलाया भरोसा

**लखनऊ, 8 जून. उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार सुबह जनता दर्शन में प्रदेश भर से आए लोगों की फरियाद सुनी और अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायतों का त्वरित और न्यायसंगत निस्तारण हो.**

उन्होंने खासतौर पर शिक्षा, पुलिस की निष्क्रियता और अवैध कब्जों से जुड़े मामलों पर सख्त रुख अपनाया. जनता दर्शन में लखनऊ की एक युवती अपनी वृद्ध मां के साथ पहुंची. उसने बताया कि उसने इंटरमीडिएट अच्छी अंक संख्या के साथ पास किया है और बीटेक करना चाहती है, लेकिन आर्थिक तंगी आड़े आ रही है.

मुख्यमंत्री ने उसकी मार्कशीट देखी, पढ़ाई पर ध्यान देने की सलाह दी और भरोसा दिलाया कि लखनऊ के किसी प्रतिष्ठित



संस्थान में उसका प्रवेश कराया जाएगा. योगी ने कहा कि सरकार किसी भी गरीब या जरूरतमंद छात्र की शिक्षा को आर्थिक अभाव के कारण बाधित नहीं होने देगी. विभिन्न जिलों से आए फरियादियों ने पुलिस की निष्क्रियता और अवैध कब्जों पर कार्रवाई न होने की शिकायतें पेश कीं.

मुख्यमंत्री योगी ने हर मामले को ध्यान से सुना और आवेदन वरिष्ठ अधिकारियों को सौंपते हुए कहा कि इनकी करीबी निगरानी की जाए.

> मुख्यमंत्री ने सलाह दी कि भीषण गर्मी में स्वास्थ्य का ध्यान रखें और पहले जिला और मंडल स्तर पर अपनी बात रखें, क्योंकि कई समस्याएं वहीं हल हो जाती हैं।जनता दर्शन में आए लोगों को मुख्यमंत्री ने भरोसा दिलाया कि सरकार हर जरूरतमंद की मदद के लिए प्रतिबद्ध है.

# बंगाल के 4800 अवैध घुसपैठियों को भेजा वापस

**डिटेक्ट-डिटेन-डिपोर्ट अभियान में 4800 बांग्लादेशी बाहरं**

**कोलकाता, 8 जून. पश्चिम बंगाल सरकार ने अवैध घुसपैठ के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान को तेज करते हुए अब तक करीब 4800 बांग्लादेशी नागरिकों को वापस भेजे जाने का दावा किया है.**

मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने रविवार को कहा कि पहचान और सत्यापन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद इन लोगों को सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के हवाले किया गया, जहां से उन्हें बांग्लादेश भेजा गया. उन्होंने बताया कि वर्तमान में 836 अन्य बांग्लादेशी नागरिक राज्य के विभिन्न होल्डिंग सेंटरों में रखे गए हैं और उनकी वापसी की प्रक्रिया जारी है. मुख्यमंत्री ने कहा कि जो लोग नागरिकता संशोधन



अधिनियम (सीएए) के दायरे में नहीं आते हैं, उनके खिलाफ केंद्र सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुसार कार्रवाई की जा रही है. उन्होंने बताया कि राज्य सरकार भारत-बांग्लादेश सीमा को और अधिक सुरक्षित बनाने के लिए कई कदम उठा रही है. सीमा से लगे लगभग 100 किलोमीटर क्षेत्र में फेंसिंग का काम शुरू किया गया है और इसके लिए आवश्यक जमीन बीएसएफ को उपलब्ध करा दी गई है. उन्होंने कहा कि उत्तर बंगाल के रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण चिकन नेक क्षेत्र को

> शुभेंदु अधिकारी ने यह भी कहा कि अवैध घुसपैठ के खिलाफ सख्त कार्रवाई और निगरानी बढ़ाए जाने के बाद कई लोग स्वयं ही वापस लौट गए हैं. उन्होंने बताया कि राज्य सरकार की डिटेक्ट, डिटेंशन और डिपोर्ट नीति के तहत लगातार कार्रवाई जारी है. इसके साथ ही उन्होंने घोषणा की कि राज्य में 1 अगस्त से जनगणना संबंधी कार्य शुरू होगा, जो अगले वर्ष फरवरी तक पूरा किए जाने का लक्ष्य है.

प्राथमिकता दी गई है. सरकार के अनुसार, सीमा के करीब 556 किलोमीटर हिस्से में अभी भी बाड़ लगाने की आवश्यकता है, जिस पर चरणबद्ध तरीके से काम किया जाएगा.

# 142 करोड़ के सीमा पार ड्रग मनी लॉन्ड्रिंग मामले में छापेमारी

**ईडी को मिली सफलता**

**नई दिल्ली, 08 जून. प्रवर्तन निदेशालय ( ईडी ) का एक दल सोमवार को मनी लॉन्ड्रिंग के एक मामले में मिजोरम-म्यांमार सीमा, त्रिपुरा-बंगलादेश सीमा और पश्चिम बंगाल में चार जगहों पर तलाशी ले रहे हैं.**

ईडी का यह मामला नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी), अगरतला ज़ोनल इकाई द्वारा दर्ज किये गये एक मामले पर आधारित है. इसमें 21 अगस्त, 2025 को त्रिपुरा में 49.101 किलोग्राम मेथाम-फेटामाइन और 40 ग्राम हेरोइन जब्त की गयी थी. त्रिपुरा में जिन




जगहों पर तलाशी ली जा रही है, वे बंगलादेश सीमा से सिर्फ 200 मीटर दूर हैं, जबकि मिजोरम में तलाशी वाली जगह म्यांमार सीमा से लगभग 500 मीटर दूर है. जांच में एक संगठित क्रॉस-बॉर्डर सिंडिकेट का पता चला है, जो मिजोरम के चम्फाई-ज़ोखावथर सेक्टर के जरिये म्यांमार से मेथामफेटामाइन लाता था और त्रिपुरा में इसे लेने वालों तक पहुंचाता था. अपराध से हुई कमाई को कई बैंक खातों और फर्जी कंपनियों के जरिये इधर से उधर

# न्यूयॉर्क के पेन स्टेशन पर हुई चाकूबाजी में पांच लोग घायल

- घटना के बाद स्टेशन पर में पुलिस बल तैनात

**न्यूयॉर्क,08जून. अमेरिका के न्यूयॉर्क शहर के पेन स्टेशन पर हुई चाकूबाजी की घटना में रविवार को पांच लोग घायल हो गए हैं.**

अधिकारियों ने यह जानकारी दी. एक रिपोर्ट के अनुसार न्यूयॉर्क अग्निशमन विभाग ने अमेरिकी मीडिया को दिए एक बयान में बताया कि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हुआ है, दो को चोटें आई हैं और बाकी लोगों को मामूली चोटें आई हैं. न्यूयॉर्क पुलिस विभाग ने हमले के बाद तलाशी



अभियान चलाकर संदिग्ध को गिरफ्तार कर लिया. यह हमला पूर्वी मानक समय लगभग 19:00 बजे हुआ था. यह चाकूबाजी की घटना ऐसे समय हुई है जब अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप सोमवार को नेशनल बास्केटबॉल एसोसिएशन फाइनल में न्यूयॉर्क निक्स का मैच देखने के लिए शहर का दौरा करने वाले हैं.

## विमानों से सीढ़ी टकराने की घटना की जांच शुरू

**नई दिल्ली.** दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर रविवार शाम तेज आंधी के बीच एयर इंडिया के विमानों से लोहे की सीढ़ी टकराने की घटना की जांच डीजीसीए ने शुरू कर दी है. हवाई अड्डे पर रविवार शाम अचानक मौसम बदल गया और भारी बारिश के साथ तेज आंधी शुरू हो गयी. इस दौरान टर्मिनल-2 के बे में इंडिगो की ग्राउंड हैंडलिंग टीम की एक लोहे की सीढ़ी (स्टेप लैडर) तेज हवाओं के साथ खुद-ब-खुद आगे बढ़ने लगी और इससे पहले कि उसे काबू किया जाता, एयर इंडिया की तीन विमानों से टकरा गयी. इस घटना में विमानों को नुकसान पहुंचा है.

# टीएमसी मुख्यालय पर नया विवाद भवन खाली कराने पहुंचे मालिक

**कोलकाता, 08 जून. तृणमूल कांग्रेस के वर्तमान मुख्यालय को लेकर नया विवाद सामने आया है. कोलकाता के ए/पी-1/ए कैनाल साउथ रोड स्थित भवन के मालिक मोंटू साहा ने दावा किया है कि पार्टी के साथ हुआ किराया समझौता वर्ष 2025 में समाप्त हो चुका है, लेकिन इसके बावजूद इमारत खाली नहीं की गई है.**

मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, मोंटू साहा अपने बेटे अमित साहा के साथ रविवार को संबंधित संपत्ति पर पहुंचे थे. उनका उद्देश्य पार्टी पदाधिकारियों से बातचीत कर भवन वापस लेने के मुद्दे पर चर्चा करना था. हालांकि, वहां कोई जिम्मेदार पदाधिकारी मौजूद नहीं मिला। इसके बाद दोनों ने पुलिस स्टेशन पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। साहा परिवार का कहना है कि उन्होंने कई बार पार्टी प्रतिनिधियों से संपर्क कर इमारत खाली करने का अनुरोध किया है.

परिवार के अनुसार, भवन में मरम्मत कार्य कराया जाना है और भविष्य में अपने व्यावसायिक उपयोग के लिए भी इसकी आवश्यकता है. उनका दावा है कि पार्टी की ओर से जुलाई तक भवन खाली करने का आश्वासन दिया गया था.

# होर्मुज में जलते टैंकर से 24 भारतीयों का रेस्क्यू

- तनाव के बीच भारतीय नाविक सुरक्षित निकाले गए
- भारत ने नागरिकों को ईरान छोड़ने की दी सलाह

**तेहरान 08 जून. मध्य पूर्व में जारी तनावपूर्ण हालात के बीच होर्मुज जलडमरूमध्य के पास एक तेल टैंकर में आग लगने की घटना सामने आई है. जहाज पर सवार 24 भारतीय नाविकों को भारतीय नौसेना ने सुरक्षित बचा लिया.**

शुरुआती रिपोर्टों में जहाज पर हमले की आशंका जताई गई है, हालांकि इस संबंध में आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है. घटना ऐसे समय हुई है जब क्षेत्र



में सुरक्षा स्थिति को लेकर लगातार चिंता बनी हुई है. भारतीय नाविकों के सुरक्षित निकाले जाने के बाद संबंधित एजेंसियां घटना के कारणों और परिस्थितियों की जानकारी जुटा रही हैं. इसी बीच ईरान ने घोषणा की है कि उसने फिलहाल इजराइल के खिलाफ अपनी सैन्य कार्रवाई रोक दी है. हालांकि ईरानी पक्ष ने यह भी कहा है कि यदि भविष्य में इजराइल की ओर से कोई नया हमला किया जाता है तो उसका कड़ा जवाब दिया जाएगा.

### जहाज में सवार सभी 24 भारतीय नाविक सुरक्षित :सरकार

नई दिल्ली. सरकार ने कहा है कि होर्मुज जलडमरूमध्य में आग की चपेट में आने वाले व्यापारिक जहाज एमटी मैरिवेक्स पर सवार सभी 24 भारतीय नाविक सुरक्षित हैं और जहाजरानी महानिदेशालय उनकी स्थिति पर नजर रखे हुए है. बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्रालय में निदेशक ओपेश कुमार ने पश्चिम एशिया की स्थिति की जानकारी देने के लिए सोमवार को यहां बुलाये गये संवाददाता सम्मेलन में कहा कि इस जहाज पर सवार सभी भारतीय नाविक सुरक्षित हैं.

# संघ राष्ट्र के परमवैभव के लिए उद्धूत है 'वाक्य'

- जे. नंदकुमार ने संघ की शताब्दी यात्रा पर डाला प्रकाश
- राष्ट्रवाक्य में गूँजा राष्ट्र जागरण का सनातनी उद्घोष

**नई दिल्ली, 8 जून. सनातन लाइफ स्टाइल फाउंडेशन एवं प्रज्ञा प्रवाह, दिल्ली प्रांत के संयुक्त तत्वावधान में देशबंधु कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय में 'राष्ट्र जागरण का सनातनी उद्घोष' ध्येय के साथ राष्ट्रवाक-2026 का आयोजन संपन्न हुआ.**

'राष्ट्रवाक्य' पत्रिका के संपादक एवं प्रख्यात भाषाविद्-लेखक कमलेश कमल के स्वागत उद्बोधन से प्रारंभ हुए इस कार्यक्रम में देशभर के साहित्यकारों,



शिक्षाविदों, कलाकारों और चिंतकों ने सहभागिता की. मुख्य अतिथि एवं प्रज्ञा प्रवाह के अखिल भारतीय संयोजक जे. नंदकुमार ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ इस राष्ट्र के परमवैभव के लिए उद्धूत 'वाक्य' है. उन्होंने संघ की शताब्दी यात्रा, सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक चेतना के महत्व पर प्रकाश डाला. कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो. के. जी. सुरेश ने की. इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष को समर्पित 'राष्ट्रवाक' के विशेषांक का विमोचन किया गया. सम्मान सत्र में प्रो. के. जी. सुरेश, राज शर्मा, डॉ. दिवाकर राय, भगवंत अनमोल तथा राजीव रंजन प्रसाद एवं रचना नायडू को विभिन्न राष्ट्रीय सम्मानों से अलंकृत किया गया. 'स्वतंत्रोत्तर हिन्दी साहित्य में भारतबोध' तथा 'समकालीन कला में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता बनाम वैचारिक एजेंडा' विषयों पर आयोजित चिंतन सत्रों में विद्वानों ने अपने विचार रखे. दूसरे सत्र में कमलेश कमल, प्रो. प्रवीण कुमार तिवारी एवं शशिप्रभा तिवारी ने कला, संस्कृति और सामाजिक उत्तरदायित्व के विभिन्न आयामों पर चर्चा की.

# अफगान नागरिक समेत चार आरोपी गिरफ्तार

**अमृतसर पुलिस का बड़ा एक्शन, हथियार तस्करी रैकेट ध्वस्त**

**सीमा पार से आ रहे थे हथियार, पंजाब पुलिस ने खोली पोल**

**अमृतसर, 8 जून. पंजाब में संगठित अपराध, अवैध हथियार तस्करी और हवाला कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत अमृतसर कमिश्नरेट पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है.**

पुलिस ने अंतरराष्ट्रीय सीमा पार से संचालित एक बड़े हथियार तस्करी नेटवर्क का पर्दाफाश करते हुए अफगान नागरिक सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है. कार्रवाई के दौरान आरोपियों के कब्जे से विदेशी निर्मित अत्याधुनिक हथियार और भारी मात्रा में कारतूस बरामद किए गए हैं. पंजाब पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी विदेश में बैठे एक कुख्यात तस्कर के संपर्क में थे. जांच में सामने आया है कि सीमा पार से ड्रोन और अन्य अवैध माध्यमों के जरिए हथियारों की खेप पंजाब में भेजी जाती थी. इन हथियारों को पहले से तय गुप्त और सुनसान स्थानों पर छिपाया जाता था, आरोपी उन्हें उठाकर विभिन्न गैंगस्टरों और आपराधिक गिरोहों तक पहुंचाने का काम करता था.

## आज का इतिहास

1659- दादर के बलूची प्रमुख जीवन खान ने दारा शिकोह को धोखे से औरंगजेब के हवाले कर दिया.

1720- स्वीडन और डेनमार्क ने तीसरी स्टॉकहोम संधि पर हस्ताक्षर किए.

1789- स्पेन ने वैंकूवर द्वीप के निकट ब्रिटेन के जहाजों पर कब्जा किया.

1900- स्वतंत्रता सेनानी बिरसा मुंडा का रांची जेल में संदिग्ध परिस्थितियों में निधन.

1940- नार्वे ने द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान जर्मनी के सामने आत्मसमर्पण किया.

# राष्ट्रपति मुर्मु ने मातृ भूमि के रणबांकुरों को प्रदान किए वीरता पुरस्कार

**नई दिल्ली 08 जून. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने मातृभूमि की रक्षा में प्राणों का बलिदान देने वाले रणबांकुरों को सोमवार को यहां रक्षा अलंकरण समारोह में वीरता पुरस्कार प्रदान किये जिनमें 7 कीर्ति चक्र ( 2 मरणोपरांत ), 15 वीर चक्र ( 3 मरणोपरांत ) और 26 शौर्य चक्र ( 1 मरणोपरांत ) शामिल हैं.**

राष्टपति भवन सचिवालय के अनुसार ये पुरस्कार रक्षा बलों , केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बलों और राज्यों तथा केन्द्र शासित प्रदेशों के पुलिसकर्मियों को कर्तव्य की वेदी पर अदम्य साहस और बेमिसाल बहादुरी के लिए प्रदान किये गये.

सात रणबांकुरों को शांतिकाल में देश के दूसरे सर्वोच्च पुरस्कार से सम्मानित किया गया. इनमें से दो को यह सम्मान मरणोपरांत दिया गया. कीर्ति चक्र से सम्मानित किये जाने वालों में सेना के लांस नायक एम सुंदरमा, नायब सूबेदार डोलेश्वर सुब्बा, मेजर अर्शदीप सिंह ,कैप्टन एल साइलो और वायु सेना के एयर कमोडोर पी बालकृष्णन नायर शामिल हैं. सेना के जवान जे प्रवीण प्रभाकर और लेफ्टिनेंट शशांक तिवारी को यह

**कार्रवाई** | नेतन्याहू को फोन कर जवाबी कार्रवाई से बचने की सलाह

# ट्रंप ने नेतन्याहू को रोका, बोले- ईरान पर पलटवार मत करो

**वॉशिंगटन/तेल अवीव, 8 जून. पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के बीच मतभेद खुलकर सामने आते दिखाई दे रहे हैं.**

ट्रंप ने सार्वजनिक रूप से नेतन्याहू को संयम बरतने और जवाबी हमला न करने की सलाह दी है. मिडिया से बात करते हुए, ट्रंप ने कहा कि वह नेतन्याहू से फोन पर बात कर उन्हें ईरान के खिलाफ तत्काल सैन्य कार्रवाई से



बचने के लिए बोले हैं. अमेरिकी राष्ट्रपति ने ईरान को भी चेतावनी देते हुए कहा कि मिसाइल हमलों का दौर अब समाप्त होना चाहिए और सभी पक्षों को बातचीत की मेज पर लौटकर समाधान तलाशना चाहिए. एक साक्षात्कार में ट्रंप ने ये भी कहा कि मध्य पूर्व में शांति और किसी भी संभावित समझौते को लेकर अंतिम निर्णय उन्हीं के हाथ में है. क्षेत्र में युद्ध समाप्त करने के लिए वॉशिंगटन द्वारा प्रस्तावित किसी भी समझौते को स्वीकार करने के अलावा कोई विकल्प नहीं है.

> अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के पास अमेरिका-ईरान के बीच होने वाले किसी भी संभावित समझौते को स्वीकार करने के अलावा कोई विकल्प नहीं होगा. श्री ट्रंप ने इस बात पर जोर दिया कि इजरायल इन वार्ताओं के परिणाम तय नहीं करता है. श्री ट्रंप ने कड़े लहजे में कहा, फैसले मैं लेता हूं.

> ईरान ने स्पष्ट रूप से कहा है कि अप्रैल में हुए यूएस-ईरान सीजफायर के उल्लंघन और सीजफायर टूटने के पीछे अमेरिका ही जिम्मेदार है? तेहरान का मानना है कि अमेरिका इजरायल की आक्रामक हरकतों से खुद को अलग नहीं कर सकता क्योंकि इजरायल को अमेरिकी प्रशासन का खुला समर्थन प्राप्त है?

# यमुना को स्वच्छ करने के लिए मिलकर करें काम : शाह

**नई दिल्ली 08 जून.** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने यमुना की सफाई की महत्वाकांक्षी योजना को सफलतापूर्वक पूरा करने को सरकार का संकल्प बताते हुए दिल्ली, हरियाणा और उत्तर प्रदेश सरकारों तथा सभी संबंधित मंत्रालयों से यमुना की स्वच्छता के लिए टुकड़ों में नहीं बल्कि टीम भावना से एकीकृत कार्य योजना के तहत काम करने को कहा है. श्री शाह ने यमुना को प्रदूषण मुक्त करने तथा इसे स्वच्छ बनाने की सरकार की योजना को लेकर सोमवार को यहां एक महत्वपूर्ण बैठक की अध्यक्षता की. उन्होंने इस परियोजना की कार्य प्रगति की हर 20 दिन में समीक्षा करने को भी कहा. उन्होंने कहा कि साफ और



स्वच्छ यमुना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमारा संकल्प है और हम सभी को मिलकर इससे जल्दी ही पूरा करना है. इस समझौते के तहत कचरे को गोबर गैस तथा खाद में तब्दील करने का काम किया जायेगा. उन्होंने कहा कि डेयरी और गौशालाओं का गोबर सीधे गैस और खाद प्लांट तक पहुंचाया जायेगा और यमुना किनारे के कचरे का वैज्ञानिक प्रबंधन किया जायेगा. उन्होंने कहा कि यमुना नदी में प्रवाहित नालों की गाद निकालने का काम तेजी से चल रहा है.

> गृह मंत्री ने कहा कि दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश सरकारों तथा सभी संबंधित मंत्रालयों को यमुना की स्वच्छता के लिए टुकड़ों में नहीं बल्कि एक टीम भावना से एकीकृत कार्य योजना के तहत काम करना होगा. उन्होंने जोर दिया कि हरियाणा, दिल्ली और उत्तर प्रदेश तीनों राज्य मिलकर यमुना नदी में मानक ईको-फ्लो सुनिश्चित करने की दिशा में कार्य करें. दिल्ली की डेयरियों के कचरे को यमुना में जाने से रोकने के लिए दिल्ली नगर निगम और राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये जायेंगे.